कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam19@gmail.com Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 2123 रायपुर, दिनांक 6/09/19

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य पात्रता परीक्षा (SET19) –2019 के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि में वृद्धि करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, अटल नगर, रायपुर द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन, अटल नगर, रायपुर के प्रस्ताव पर राज्य पात्रता परीक्षा (SET19) दिनांक 08 सितंबर 2019, रविवार (दो पालियों में प्रथम पाली में प्रथम प्रश्न पत्र पूर्वान्ह 10:00 से 11:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में द्वितीय प्रश्न पत्र पूर्वान्ह 11:30 से 1:30 बजे तक) को प्रदेश के 05 संभागीय मुख्यालयों – अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर एवं रायपुर में आयोजित की जावेगी ।

उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in पर दिनांक 31.08.2019 से अपलोड कर दिया गया था । दिनांक 31.08.2019 से 06.09.2019 को रात्रि 11:59 बजे के मध्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा दी गई थी।

आज दिनांक तक कुछ अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किए हैं । अतः परीक्षार्थियों के हित में प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि में वृद्धि की गई है । अभ्यर्थी परीक्षा दिवस तक प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर